# उत्तर प्रदेश विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा: शाह



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक। ● प्रेट्र

लखनऊ, विशेष संवाददाता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को यूपी में चुनावी बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि 2014 से उत्तर प्रदेश ने लगातार भाजपा का साथ दिया है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा।

उन्होंने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टियां सपा, कांग्रेस और बसपा प्रदेश का कल्याण नहीं कर सकतीं। यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश के विकास के लिए 2027 में फिर एक बार यूपी में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का मंत्र दिया है। यूपी में योगी के नेतृत्व में विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प लिया गया है। 15 अगस्त, 2047 को देश की आजादी का शताब्दी वर्ष होगा। यूपी विकसित उत्तर प्रदेश बनेगा। यूपी भारत की धड़कन और आत्मा है। यह भारत के विकास का इंजन है और विकसित भारत का ग्रोथ इंजन भी बनेगा। यह श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती है।

## पांच हस्तियां सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में लीक से हटकर काम करके वाली पांच शख्सियतों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इनमें विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला, फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडेय, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु सिंह, गुरुकूल की संचालक रश्मि आर्य और प्रख्यात कवि डॉ. हरिओम पंवार शामिल हैं।